सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-369
30/08/2016

आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया एक लाख रूपये का अंशदान

पटना, 30 अगस्त 2016 :– आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन ने बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य हेतु एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। ज्ञातव्य है कि आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन द्वारा हमेशा मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान दिया जाता है। बिहार में आयी वर्तमान आपदा के लिये सामाजिक स्तर से प्राप्त होने वाला यह पहला अंशदान है। मुख्यमंत्री ने आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन को अंशदान करने के लिये धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

आई0ए0एस0 वाइफ एसोसिएशन की ओर से अध्यक्षा श्रीमती पूर्णिमा शेखर सिंह, उपाध्यक्षा श्रीमती मृदुला प्रकाश एवं श्रीमती शबनम ठाकुर, सचिव श्रीमती आशा सहाय, कोषाध्यक्ष श्रीमती एल0 थीनामई, कार्यकारी सदस्या श्रीमती स्निग्धा कुमार उपस्थित थीं।

******